सार-समाचार

माँ दधिमती को चुनरी ओढ़ाई

कोटा, (निसं)। दाधीच समाज, कोटा ने श्री महर्षि दधीचि छात्रावास प्रांगण स्थित माँ दधिमती मंदिर में माँ दधिमती का प्राकट्य महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया। अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने बताया कि प्रातः 9 बजे वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ माँ दधिमती का पूजन एवं दुग्ध अभिषेक किया गया। इसके पश्चात भजन संकीर्तन एवं माँ दधिमती का मंगल पाठ हुआ। इस दौरान दाधीच महिला मंडल द्वारा संगीतमय मांगलिक पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धा भाव से महिलाओं ने माँ दधिमती को चूनरी ओढ़ाई। दाधीच समाज के अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि माँ दधिमती का कपाल गोठ मांगलोद, नागौर में प्रकट हुआ था। उसी विग्रह का प्राकट्य महोत्सव समाज के सभी सदस्यों को एकता, सेवा और समर्पण की भावना से मनाया। महामंत्री निमेष पुरोहित ने बताया कि इस आयोजन में दाधीच महिला मंडल ने सक्रिय भूमिका निभाई और संगीतमय मांगलिक पाठ का संयोजन किया। इसके पश्चात भोग आरती एवं भोग लगाकर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस पावन अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रामकल्याण दाधीच, नागेश दाधीच, नरेंद्र मोहन दाधीच, राजेश दाधीच, स्मिता शर्मा, अंबिका शर्मा अमित दाधीच (कोयला), एडवोकेट रामेश्वर दयाल दाधीच, अंकुर शर्मा, रोशन शर्मा आदि हवन व पूजन में उपस्थित रहे। दाधीच युवा मंडल के अध्यक्ष कमल दाधीच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।दाधीच महिला मंडल की अध्यक्ष स्मिता शर्मा, मंत्री अंबिका शर्मा एवं अन्य सदस्यगण-मीना दाधीच, प्रीति दाधीच, ज्योति पुरोहित, ममता दाधीच, आरती दाधीच, मोनिका शर्मा, शीला दाधीच आदिकृने उत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मंगलपाठ किया।

विश्व कैंसर दिवस पर शिविर आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। 'यूनाइटेड बाय यूनिक 2025-27'' थीम के तहत विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं कैंसर के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी चिकित्सा संस्थानों में कैंसर जागरूकता एवं कॉमन कैंसर स्क्रीनिंग की गई। साथ ही, खंड के स्कूल विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को कैंसर से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। उप जिला चिकित्सालय रावतभाटा में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए विशेष स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. नीतू लाहोटी द्वारा 100 से अधिक महिलाओं की जांच की गई, वहीं डॉ. स्वीटी दुबे द्वारा मुंह के कैंसर की स्कैनिंग की गई। इसके अलावा एनसीडी काउंसलर अयाजउद्दीन कुरैशी ने उपस्थित लोगों को कैंसर से बचाव, उचित खान-पान एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में परामर्श प्रदान किया। यह अभियान आमजन को कैंसर की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगा।

'सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है'

छबड़ा (निसं)। कथावाचक प्रियंका भारती ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। खेल मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भारती ने मंगलवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। यहां भक्तो ने भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे।

महाकुंभ प्रयागराज के लिये रवाना

रावतभाटा, (निसं)। अनुशक्ति मित्र मंडल परिवार के यात्रा संयोजक दीपक आंजना एवं आसाराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सदस्य 7 फरवरी सायं 4 बजे महाकुंभ प्रयागराज यात्रा के लिए 31 सदस्य दल बलराम चौराहा से बस द्वारा रवाना होगे। दल को चारभुजा जी के समाज सेवक अशोक चौधरी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। दल में दीपक आंजना, आसाराम चौधरी, देवीलाल धाकड़, मानसिंह बंजारा, धनराज गुर्जर, शंकर रेबारी, ईश्वर धोबी, रजनी धोबी, शंभू लाल मीणा, उदयलाल मेनारिया, कैलाश मीणा, दुर्गा लाल धाकड, भेरुलाल गुर्जर, रामनिवास धाकड़, दीपक रेगर, उदय लाल धाकड, नरेंद्र पांचाल, दालीचंद धाकड, आशा कालौशिया, रश्मि कालौशिया, शंभू लाल मीणा आदि महिला पुरुष सदस्य बस द्वारा महाकुंभ प्रयागराज यात्रा पर जाएंगे। यात्रा वापस 11 फरवरी को समाप्त होगी। अनुशक्ति मित्र मंडल के सभी सदस्य महाकुंभ में सामूहिक त्रिवेणी संगम में स्नान कर रावतभाटा खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। महाकुंभ प्रयागराज की यात्रा हमारे अनुशक्ति मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य राजेश जांगिड़ के नेतृत्व में की जाएगी।

चांदी का मुकुट व दो छत्र चोरी

छबड़ा (निसं)। चोर अब मंदिरों को भी निशाना बनाने से नही चूक रहे हैं। खोपर के बालापुरा गांव स्थित बालाजी मंदिर से अज्ञात चोर चांदी का मुकुट व चांदी के दो छत्र चोरी कर ले गए। जिसका पुजारी द्वारा छबड़ा थाने में परिवाद दिया गया हैं। पुजारी चम्पालाल द्वारा दिए गए परिवाद में बताया कि बालापुरा स्थित मंदिर में बीती रात्रि को लगभग एक बजे अज्ञात चोरो द्वारा यहां से चांदी का मुकुट व चांदी के दो छत्र जिनका वजन 750 ग्राम था। जिन्हें चोर चोरी कर ले गए। वही, इस घटना से जुड़ी वीडियो भी सोषल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें एक युवक मंदिर के गेट का ताला तोड़ता दिखाई दे रहा हैं। इसी रात्रि को ही पीपल्याजागीर में भी चोरी हुई हैं। इसके अलावा कुछ दिन पूर्व रीछड़ा मंदिर पर हुई चोरी का आज तक पता नही लग सका है। इससे यह प्रतीत हो रहा हैं दिनो-दिन चोरो के हौंसले बढ़ते जा रहे हैं। चोरों में अब पुलिस प्रषासन का भय तक नही दिखाई दे रहा। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मामले में गहन जांच-पड़ताल की जा रही हैं।

मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित

रावतभाटा, (निसं)। निःशुल्क मोतियाबिंद जांच नेत्र शिविर का मंगलवार को आयोजन हुआ। शिविर की आयोजक पूजा शुभम धौलपुरे ने जानकारी देते हुए बताया की रावतभाटा वाल्मीकि समाज के बाबूलाल चनाल की पुण्यतिथि के मौके पर पहली बार रावतभाटा के आरपीएस में स्थित वार्ड नंबर 12 इंदिरा कॉलोनी में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई जिसमें से 20 मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। मरीजों का ऑपरेशन लाभमुनि चिकित्सालय मंदसौर द्वारा किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जी.जे. परमार एवं विशिष्ट अतिथि पंजाबी समाज अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी, सचिव जगदीश छाबड़ा और पूर्व पार्षद बाबूलाल जैन ने किया। इस मौके पर दिलीप चनाल, सोनू, कपिल, रवि सागर, संजय मीणा, देवी, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

भगवान देवनारायण का जन्मोत्सव मनाया

छीपाबड़ौद (निसं)। लोक देवता भगवान श्री देवनारायण भगवान जी के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन देवनारायण मंदिर हरनावदा जागीर पर हुआ जिसमें तीन फरवरी रात्रि मैं भजन संध्या व 4 फरवरी को भव्य शोभायात्रा शाकाहारी मंशापूरण हनुमान जी मंदिर से देवनारायण मंदिर हरनावदा जागीर तक गाजे बाजे के साथ घुड़सवार शोभा यात्रा निकली जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन स्थानों पर पानी, फल, शरबत, खीर की व्यवस्था की गई पूर्व सरपंच गजेंद्र जैन के नेतृत्व में शांतिकुंज मैरिज गार्डन पर पांच जेसीबी मशीनों के द्वारा पुष्प वर्षा की गई एवं संतरों पेयजल का वितरण किया गया।

सहायक अभियंता निलंबित

बून्दी (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग के शासन सचिव आयुक्त जोगाराम ने हिंडोली पंचायत समिति के तत्कालीन सहायक अभियंता विजय हुमड़ को भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित कर दिया है। सीईओ रवि वर्मा ने बताया कि राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के नियम के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए सहायक अभियंता को निलंबित कर दिया है जिनका मुख्यालय जयपुर रहेगा।

बीजासन माता मेले में उमड़ रही आस्था

छबड़ा (निसं)। जयकारों से गूंजता मंदिर परिसर, माता की एक झलक देखने को आतुर लाईनों में खड़े व हाथों में पूजन सामग्री लिए पहुंच रहे दूर-दराज के श्रद्धालु। मौका है राजस्थान व मध्यप्रदेश के भक्तों की आस्था का प्रतीक प्रसिद्ध बीजासन माता मेले का। इन दिनों यह मेला पूर्ण यौवन पर चल रहा हैं। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मत्था टेक मन्नते मांग रहे हैं।

- दोनों राज्यों के श्रद्धालु पहुंच कर रहे दर्शन
- यह मेला इन दिनों पूरे परवान पर हैं



क्षेत्र के गुगोर गांव में लगा मेला इन दिनों पूर्ण यौवन पर चल रहा है।

गुगोर गांव में चल रहे मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा हैं। यह मेला इन दिनों पूर्ण परवान पर चल रहा हैं तथा प्रतिदिन दूर-दराज से आए श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में लग बीजासन माता के दर्शन कर मत्था टेक कर मन्नतें मांग रहें हैं। इसके चलते मंदिर परिसर में भक्तो का तांता लगा रहता है एवं इस मेले में मनोरंजन के लिए चकरी, झूले, बड़ी नाव, ड्रेगन, ब्रेकडांस इत्यादि लगाए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर से आने वाले दुकानदार मेले में खिलौने, मनिहारी, किराना तथा चुडियां, लाख के चूड़े सहित आदि दुकाने सजाई गई हैं। मेले का लुत्फ उठाने के लिए हजारों की संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ रही है।

सड़क मार्ग रहने लगा व्यस्तः- मेले के चलते यह सड़क मार्ग पूरी तरह व्यस्त नजर आने लग गया हैं। इसके चलते दिनभर वाहनो की रेलमपेल नजर आ रही हैं। कई बार तो जाम के हालात भी बन जाते हैं। इस मेले में कोई तो निजी वाहन तो कोई किराए के चौपहिया एवं वाहन दुपहिया के माध्यम से गांव गुगोर पहुंचकर बीजासन माता के दर्शन कर मेले का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं।

'सीएचसी पर भी मिलने लगी सीजेरियन प्रसव की सुविधा'

झालावाड़ (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खानपुर में लम्बे समय से सीजेरियन प्रसव की सुविधा की दरकार थी। जिसके लिय खानपुर क्षेत्र की जनता द्वारा जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान को कई बार अवगत करवाया गया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को पाबन्द किया गया था कि जिले की हर सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव व पीएचसी पर सामान्य प्रसव करवाना आरम्भ करें।

सीएचसी खानपुर में आज आशा पत्नी संजय '28) की वहॉ उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा वर्ष का पहला सीजेरियन प्रसव करवाया गया। विशेषज्ञ टीम में सर्जन डॉ. नरेन्द्र स्वामी, द्यिाशु रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.जी.मिश्रा, झालावाड़ से ऑन कॉल निश्चेतक डॉ. मुकेश बंसल, नर्सिंग टीम में रेणु नागर, ओमप्रकाश खटीक का विशेष सहयोग रहा।

- सीएचसी खानपुर में हुई वर्ष की पहली सीजेरियन प्रसव
- 'हर सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव व पीएचसी पर सामान्य प्रसव करवाना आरम्भ करें'

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. डी.जी. मिश्रा ने बताया कि सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव करवाने की सभी सुविधायें उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को सख्त निर्देश दिये गये थे की सभी जिले की सभी सीएचसी पर सीजेरियन प्रसव करवाना आरम्भ करवायें ताकि वहां की जनता को दूर दराज जाकर परेशानी का सामना नही करना पड़े।

मीणा समाज का जिला कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन कल से

बूंदी (निसं)। अखिल भारतीय श्री मीणा समाज विकास समिति द्वारा सर्व समाज के सहयोग से मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में मंगलवार को मनीष मीणा के पैतृक गांव सिंती के ग्रामीण क्रमिक अनशन पर रहे। मंगलवार को क्रमिक अनशन पर बैठने वालों में खुशीराम मीणा, सीताराम मीणा, सुरेश मीणा, रामराज मीणा, बंटी मीणा, सचिन मीणा, सत्यनारायण मीणा,धारा सिंह मीणा, विनोद मीणा, परशुराम मीणा, कालूलाल मीणा शामिल रहे। पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा ने कहा आंदोलन के तहत गुरुवार से जिला कलेक्ट्रेट पर मीणा समाज के द्वारा सर्व समाज की सहयोग से आमरण अनशन प्रारंभ किया जायेगा।

जिला कलेक्ट्रेट पर जारी रहा धरनाः- वहीं जिला कलेक्ट्रेट पर धरना मंगलवार 28 वे दिन भी जारी रहा।मंगलवार को धरने पर पूर्व तहसीलदार रामकरण मीणा,पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा,अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष हरिप्रसाद कांवरिया, एडवोकेट हेमराज मीणा नाडाहेत, बजरंग लाल मीणा, रामस्वरूप मीणा,ग्रामीण अध्यक्ष लोकेश मीणा, उप सरपंच मदनलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच नेमीचंद वर्मा,बजरंग लाल, सोहनलाल, हुकमचंद मीणा, रामेश्वर मीणा,रामस्वरूप गुर्जर, गणेश राम गुर्जर, भंवरलाल मीणा, किशनलाल सैनी, पुजारी मगन भारती, राधेश्याम मीणा, छोटू लाल मीणा, कमलेश मीणा, खेमराज मीणा, महेंद्र मीणा, राजू, मीणा, पूर्व युवा अध्यक्ष गीताराम मीणा, मोहित मीणा, किशन गोपाल मीणा, सुनील मीणा, नीरज मीणा, सुरेश मीणा, सोनू मीणा, राकेश सुमन, एडवोकेट अजय सिंह मीणा आदि सम्मिलित हुये।

- मनीष मीणा के पैतृक गांव सिंती के ग्रामीणों ने क्रमिक अनशन किया

28 दिन से जारी है आंदोलनः- मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर मीणा समाज द्वारा सर्वसमाज के सहयोग से पिछले 28 दिन से आंदोलन जारी है। 8 जनवरी को बूंदी जिला कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया गया था। 24 दिन तक कोई सुनवाई नहीं होने के बाद धरने के साथ क्रमिक अनशन प्रारंभ किया गया है। गुरुवार से आमरण अनशन प्रारंभ होगा।

जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगीः- मीणा समाज के संरक्षक आनंदीलाल मीणा व पूर्व प्रधान जयकिशन मीणा ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा पीड़ित परिवार की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

जिला प्रशासन व सरकार की ओर से कोई सकारात्मक वार्ता तक नहीं की गयी है। इन्होंने कहा कि मजबूर होकर आमरण अनशन करना पड़ रहा है जिसके बाद जो भी हालात होंगे उसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार व जिला प्रशासन की होगी।

शिक्षिका प्रमिला व मिनाक्षी सम्मानित

अंता (निसं)। विद्या की देवी मां सरस्वती की जयंती बसंत पंचमी पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षा सागर फाउंडेशन मध्यप्रदेश के द्वारा दो फरवरी को धानोदा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश में आयोजित हुए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह में अंता ब्लॉक की दो शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमिला मालव महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बालदड़ा व मीनाक्षी शर्मा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लिसाड़ी को शिक्षा नवाचार के लिए सम्मानित किया गया।

बूंदी में इनरव्हील क्लब ने सरस्वती पूजन कर बसंतोत्सव हर्ष के साथ मनाया। अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा दीक्षित ने बताया कि मैत्री भाव को ध्यान रखते हुए मनाए गए बसंतोत्सव में शहर के सभी महिला संगठनों का समावेश किया गया। इस दौरान संस्कृति क्लब सोनी क्लब, मनोरंजन क्लब के सदस्य शालिनी विजय, सरस्वती सोनी, विमलेश सोनी, रोहिणी कवर लीला गोयल, पुष्पा चौधरी, सरोज वर्मा, मंजू बहेडिया, दीपा गुप्ता पवित्रा शर्मा, आशा गुप्ता, श्यामलता शर्मा, राधा शर्मा, संतोष गर्ग, निशा गुप्ता, गायत्री गुप्ता शामिल रहे।

'शिक्षा के साथ कौशल विकास के लिए सह शैक्षिक गतिविधियां भी आवश्यक'

बून्दी (निसं)। वार्षिकोत्सव आगाज में संबोधित करते हुए पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह ने शिक्षा के साथ कौशल विकास के लिए सहशैक्षिणक गतिविधियां को आवश्यक बताया। सर्वोदय पैरामाउंट स्कूल में वार्षिकोत्सव आगाज पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक तेजकंवर, लोकसभा स्पीकर के नीजी सहायक हरिनंदन कहार, जिला षिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास तथा मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी ओपी सामर के आतिथ्य में आयोजित हुआ।

वार्षिकोत्सव आगाज में बालक बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए वेलकम डांस, पंजाबी डांस, बॉलीवुड डांस, हॉलीवुड डांस, रेट्रो थीम, कृष्ण लीला, घूमर, ट्रिब्यूट टू शिवाजी महाराज, एजुकेशनल थीम, कव्वाली सहित अनेक नृत्य नाटिकाओं के द्वारा दर्शकों की का मनमोहन लिया।

वार्षिकोत्सव 'आगाज' में बालक-बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

वार्षिकोत्सव में संस्था के चेयरमैन ए.जी. मिर्जा, निदेशक डॉ अजहर मिर्जा,डॉ मजार मिर्जा, डॉ मजहरूद्दीन ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

इस दौरान प्रिंसिपल वरिंदर कौर, डॉ. पंकज सिंह व सी.ई.ओ फारूक राणा, कॉर्डिनेटर गरिमा शर्मा, पूजा चौधरी सहित सभी स्टाफ, अभिभावक व बालक बालिकाएं मौजूद रहे।

अंथड़ा गांव का अंरणा माता का एक दिवसीय मेला आज

बून्दी (निसं)। अंथडा गांव का अरणा माता का एक दिवसीय प्रसिद्ध मेला बुधवार अष्टमी को गांव के पंच पटेलों की पहली पूजा चढ़ाने के बाद गाल फोडने की रस्म के साथ शुरू होगा।

अरणा माता मेला समिति से जुड़े हुए सदस्यों व पुजारी मांगीलाल सुमन ने बताया कि साल में दो बार लगने वाला अरणा माता का एक दिवसीय सुप्रसिद्ध मेला अष्टमी की सुबह शुरू होगा। सप्तमी और अष्टमी की रात को मंदिर परिसर पर भजन संध्या का प्रोग्राम किया गया। गांव के पंच पटेलों द्वारा माता रानी को पहली पूजा चढ़ाने के बाद गाल फोड़ने की रस्म से साथ ही मेले की शुरुआत हो जाती है।

आसपास के श्रद्धालुओं में मान्यता है कि यदि बोपे का गाल सहजता से फूट जाता है। इस साल फसल अच्छी होने का प्रमाण माना जाता है। जागरण के लिए रात्रि को आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मेला कमेटी द्वारा की जाती है। मेले की शुरुआत होने के साथ ही प्रसादी वितरण का प्रोग्राम भी लगातार जारी रहता है। आसपास के गांव अंथडा, बथवाडा, लिलेडा व्यासान, हाडो का पीपल्दा, साथेली, कराड का बरधा, ठीकरीया चारणान, कोथ्या, नमाना रोड, बूंदी अन्य जिलों से हजारों की संख्या में रात को ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है। माता रानी के पूजा के साथ साथ ही तेल का चढ़ावा भी चढ़ाया जाता है। अरणा माता का मंदिर कोटा बूंदी नेशनल हाईवे के पास नमाना रोड से 12 किलोमीटर दूर अन्थडा गांव में स्थित हैं।

- आज सुबह गाल फोड़ने की रस्म के साथ शुरू होगा

फार्मर रजिस्ट्री शिविर आज से

झालावाड़ (निसं)। राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए फरवरी माह से सम्पूर्ण प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना शुरू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी।

उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (भू अभि.) अभिषेक चारण ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट सलाह और बाजारों तक अधिक सूचित और सुविधाजनक पहुंच प्राप्त करना एवं आसान बनाना है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा उक्त आईडी बनवाने हेतु आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर एवं जमाबंदी की अद्यतन प्रति लाना आवश्यक होगा। एग्रीस्टैक योजना के तहत चरणबद्ध रूप से 5 फरवरी 2025 से ग्राम पंचायत स्तर पर प्रातः 9.30 से सायं 5.30 बजे तक फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाए जाएंगें। सभी किसानों को एग्रीस्टैक कृषि से जोड़ा जाएगा, ताकि कोई भी किसान सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

झालावाड़ जिले में 5 से 7 फरवरी तक तहसील सुनेल की ग्राम पंचायत ढाबलाखींची, गंगधार की ग्राम पंचायत बर्डियाबीरजी, झालरापाटन की ग्राम पंचायत खानपुरिया व बोरदा में, पचपहाड़ की ग्राम पंचायत अलावा व भिलवाड़ी में, बकानी की ग्राम पंचायत सलावद व बड़ाय, असनावर की ग्राम पंचायत इकतासा, अकेलरा की ग्राम पंचायत थरोल व अमृतखेडी में, रायपुर की ग्राम पंचायत सेमलीखाम, मनोहरथाना की ग्राम पंचायत गरबोलिया, पिडावा की ग्राम पंचायत डोला व खैराना, खानपुर की ग्राम पंचायत बाघेर तथा डग की ग्राम पंचायत जगदीशपुरा में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 6 से 8 फरवरी तक मनोहरथाना की ग्राम पंचायत मनोहरथाना में एवं डग की ग्राम पंचायत हरनावदा में तथा 8 से 10 फरवरी तक खानपुर की ग्राम पंचायत हरीगढ़ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टैक कृषि से संबंधित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराने की केन्द्र सरकार की परियोजना है। इसके अंतर्गत डिजिटल रूप में क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री एवं भू-संदर्भित नक्शे का डेटाबेस निर्माण कर प्रत्येक किसान को विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी। एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसान का नाम, पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले खेत का खसरा नम्बर, उसके हिस्से वाले खेत का खसरा नम्बर, मोबाइल नम्बर और आधार नम्बर को एकत्र कर एक कम्पलीट डाटाबेस तैयार किया जाएगा।

'राष्ट्रहित चिंतन के सृजन को प्रोत्साहित करना चाहिए'

कोटा, (निसं)। राष्ट्रवादी कवि वीरेंद्र सिंह विद्यार्थी की जयंती के अवसर साहित्यकार सम्मान समारोह, पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल के राजभाषा विभाग और श्री हिंदी साहित्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को अलंकरण एवं काव्य गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रभुजी पीठ के विनय बाबा, अध्यक्षता डॉ. रघुराज सिंह कर्मयोगी, अति विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संरक्षक रामेश्वर शर्मा रामू भैया, प्रमुख वक्ता भगवत सिंह मयंक, राजस्थान सरकार पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रन्यासी अरविन्द सिसोदिया मंचस्थ रहे एवं सफल संचालन मधुर गीतकार प्रेम शास्त्री ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन स्व.वीरेंद्र सिंह विद्यार्थी के ज्येष्ठ पुत्र संजीव पलवार नें किया। सरस्वती वंदना ज्ञान सिंह गंभीर ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कहानीकार एवं कोटा रेल मंडल में पदस्थ वरिष्ठ मंडल लेखा अधिकारी राजकुमार प्रजापत और व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर कमलेश कमल शॉल, श्रीफल, पटका और स्मृति चिन्ह भेंट कर सारस्वत नागरिक अभिनंदन किया।

कोटा में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ।

डॉ. रघुराज सिंह कर्मयोगी ने कहा श्री वीरेंद्र सिंह विद्यार्थी ने 'सोच बादलों से सितारे बदल जाएंगे' पुस्तक लिखकर ऐतिहासिक कार्य किया है।

इस पुस्तक का अधिक से अधिक प्रचार किया जाना चाहिए। इस पुस्तक को पढ़कर कोटा में छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं में कमी लाई जा सकती है। मुख्य अतिथि विनय बाबा नें कहा कि धर्म को सुरक्षित रखने के लिये राष्ट्र को सुरक्षित रखना बहुत आवश्यक है। राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिये साहित्य को राष्ट्र चेतना जाग्रत करने की अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

इस अवसर पर आयोजित डॉ.रघुराज सिंह कर्मयोगी, आध्यात्मिक व्यक्तित्व विनय बाबा, रामेश्वर शर्मा रामू, भगवत सिंह मयंक, राजकुमार प्रजापत, कमलेश कमल, भगवती प्रसाद गौतम, प्रेम शास्त्री, कालीचरण राजपूत, सलीम स्वतंत्र, हेम सिंह, ज्ञान सिंह गंभीर, विष्णु शर्मा हरिहर, तंवर सिंह हाड़ा, रविंद्र सिंह बीकावत, नंद सिंह पवार, सुरेश वैष्णव, देशबंधु पांडे, जमील कुरैशी, राजेंद्र आर्य, रमाकांत शर्मा, सुरेंद्र सिंह गौड़,योगराज योगी,सहित कोटा के साहित्यकारों नें भाग लिया। अंत में संजीव परिवार ने कार्यक्रम में पधारे रचनाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।